PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Fri, 19 May 2017, Page 12
Width: 10.68 cms, Height: 12.24 cms, a4, Ref: 33.2017-05-19.159

दस साल में दोगुनी हो जाएगी भारत की आर्थिक क्षमता



राज्य ब्यूरो, कोलकाता : विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर ने गुरुवार को कहा कि भारत अगले 10 साल में अपनी आर्थिक क्षमता को दोगुना कर लेगा और इस लक्ष्य को हासिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कोलकाता में इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (आइएमआइ) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को औद्योगिक क्रांति के बाद अपनी आर्थिक क्षमता को दोगुना करने में 80 वर्ष का समय लग गया। वहीं, जब चीन ने सुधार शुरू किए तो सिर्फ 10 वर्ष में उसने अपनी आर्थिक क्षमता को दोगुना कर लिया। अकबर ने कहा कि यह वह परिवर्तन हैं जो दुनिया में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत भी ऐसी प्रक्रिया में है और अगले 10 वर्ष में हमारी आर्थिक क्षमता दोगुनी हो जाएगी। यह सही मौका है और उनकी सरकार आर्थिक मोर्चे पर सही दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। अकबर ने कहा, भारत के विकास में महिलाओं के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। यदि आप कार्यस्थल में बौद्धिक महिलाओं को जोड़ते हैं तो आपकी अर्थव्यवस्था दोगुनी नहीं, बल्कि तीन गुनी हो जाएगी।